आज और आने वाले कल के लिए नौकरियां

2016 ओंटारियो बजट

ontario.ca/budget

ओंटारियो की अर्थव्यवस्था वृद्धि कर रही है और नौकरियां सृजित हो रही हैं

हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है अर्थव्यवस्था की वृद्धि और नौकरियां सृजित करना। प्रमाण कि हमारी योजना काम कर रही है:

- ओंटारियो की आर्थिक वृद्धि राष्ट्रीय वृद्धि से आगे निकल रही है, और अगले दो वर्षों के दौरान इसके कनाडा के सबसे सशक्त प्रांतों में बने रहने की अपेक्षा है।
- ओंटारियो ने 2009 की मंदी के बाद से 600,000 से अधिक नौकरियों का सृजन किया है और 2019 के अंत तक 300,000 से अधिक अतिरिक्त नौकरियों के अवसर पैदा करने का अनुमान है, जिससे नौकरियों का कुल सृजन, 10-वर्ष की अवधि में निवल 900,000 से अधिक नई नौकरियों तक पहुँच जाएगा।

वर्ष 2015-16 के लिए, घाटा $5.7 बिलियन होने का पूर्वानुमान है, जो *2015 के बजट* के अनुमान से $2.8 बिलियन कम है। सरकार 2016-17 में $4.3 बिलियन घाटे का पूर्वानुमान लगा रही है।

ओंटारियो आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने और नौकरियां सृजित करने वाले निवेश को जारी रखते हुए 2017-18 में बजट को संतुलित करेगा।

एक निष्पक्ष समाज: ओंटारियो के निवासियों के लिए अवसर सृजित करना

ओंटारियो के सभी लोगों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने का अवसर मिलना चाहिए। हमारी योजना निम्न द्वारा लोगों को सफल होने में मदद कर रही है:

- एक पंचवर्षीय, $333 मिलियन के निवेश के माध्यम से ऑटिज़म (autism) से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए सेवाओं में सुधार करना।
- एक दीर्घावधि किफायती आवास कार्यनीति (Long-Term Affordable Housing Strategy) के भाग के रूप में, $178 मिलियन के तीन वर्षीय निवेश के माध्यम से समुचित और किफायती आवास तक अधिक लोगों को पहुँच प्रदान करना।
- 10 वर्षों में चिरकालिक आवासहीनता को समाप्त करने के लिए काम करना।
- एक दीर्घावधि कार्यनीति के माध्यम से स्वदेशी महिलाओं के खिलाफ़ हिंसा को समाप्त करना (A Long-Term Strategy to End Violence Against Indigenous Women)।
- न्यूनतम सामाजिक सहायता दरों से युक्त लोगों के लिए टॉप-अप सहित, ओंटारियो काम (Ontario Works) प्राप्त करने वाले वयस्कों तथा ओंटारियो विकलांगता सहायता कार्यक्रम (Ontario Disability Support Program) पर निर्भर विकलांगों के लिए सामाजिक सहायता की दरों में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि करना।

कॉलेज और विश्वविद्यालय को अधिक किफायती और सुलभ बनाना

2017-18 स्कूल वर्ष में शुरूआत करते हुए, ओंटारियो, कल के रोजगार के लिए अधिक छात्रों को तैयार करने की हमारी योजना के साथ कॉलेज और विश्वविद्यालयीन शिक्षा को अधिक किफायती और सुलभ बना रहा है। हम निम्नलिखित द्वारा आने वाले कल के अत्यधिक कुशल कार्यबल में आज निवेश कर रहे हैं:

- $50,000 या कम वार्षिक आय वाले परिवारों के वित्तीय ज़रूरत वाले छात्रों के लिए औसत ट्यूशन निःशुल्क करने हेतु छात्र सहायता में परिवर्तन, और मध्यम-वर्ग के परिवारों के लिए ट्यूशन और अधिक किफायती बनाना।
- $83,000 या उससे कम आय वाले परिवारों के 50 प्रतिशत से अधिक छात्रों के लिए — गैर प्रतिदेय अनुदान प्रदान करना — जो औसत ट्यूशन से अधिक होगा।
- यह सुनिश्चित करना कि
- $50,000 से कम आय वाले परिवारों के छात्रों के लिए कोई प्रांतीय छात्र ऋण बाक़ी न हो।
- मध्यम और उच्च आय वाले परिवारों के लिए ब्याज-मुक्त और कम-लागत वाले ऋणों तक पहुँच बढ़ाना।
- परिपक्व और विवाहित छात्रों के लिए वित्तीय सहायता का विस्तार करना।
- सुनिश्चित करना कि सभी छात्रों के लिए सुविधा ओंटारियो ट्यूशन अनुदान (Ontario Tuition Grant) के तहत समान या बेहतर हो।
- तीन वर्षीय $97 मिलियन निवेश को जारी रखते हुए, First Nation, Métis और Inuit शिक्षार्थियों के लिए पश्च माध्यमिक शिक्षा और प्रशिक्षण तक पहुँच में सुधार करना।

रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान बनाना

हमारी योजना निम्न द्वारा लागत को कम करके और सुविधा तथा विकल्प में सुधार करके ओंटारियो के निवासियों के लिए रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान बनाना है:

- प्रतिदिन $10 से अधिक शुल्क वसूलने वाले अस्पतालों में अस्पताल का अक्सर उपयोग करने वाले लोगों के लिए अस्पताल पार्किंग शुल्क कम करना।
- $30 Drive Clean उत्सर्जन परीक्षण शुल्क को समाप्त करना।
- 1 जनवरी, 2016 की स्थिति के अनुसार, ऋण निवृत्ति प्रभार हटाते हुए, आवासीय बिजली के ठेठ उपयोगकर्ता के लिए प्रतिवर्ष लगभग $70 की बचत करना।
- पूरे प्रांत में किराने की दुकानों में शराब, बियर और साइडर के प्रवर्तन द्वारा उपभोक्ता के लिए सुविधा और विकल्प बढ़ाना।
- ओंटारियो के 9.5 मिलियन से अधिक ड्राइवरों के लिए ऑटो बीमा की लागत कम करना।
- बिजली के बिल कम करते हुए, हरित निवेश निधि (Green Investment Fund) के माध्यम से अपने घरों में ऊर्जा ऑडिट तथा रेट्रोफ़िट संचालित करने में लगभग 37,000 परिवारों की मदद करना।
- 65 और 70 की उम्र के बीच वाले ओंटारियो के पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए दाद टीका निःशुल्क करना — जिससे उनको लगभग $170 की बचत होगी।
- Regional Express Rail के क्रियान्वयन, GO Transit () सेवाओं में सुधार तथा Toronto transit में PRESTO किराया कार्ड प्रणाली को लागू करना जारी रखते हुए आवागमन समय कम करना और यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाना।

ontario.ca/budget पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

आज और कल के लिए नौकरियां सृजित करना

ओंटारियो की योजना है निम्न द्वारा अर्थव्यवस्था की वृद्धि और नौकरियां सृजित करने के लिए हमारी सर्वप्रथम प्राथमिकता का क्रियान्वयन करना:

- प्रतिवर्ष, औसतन, 110,000 से अधिक नौकरियों का समर्थन करते हुए —ओंटारियो के इतिहास में सार्वजनिक अवसंरचना में — 12 वर्षों में $160 बिलियन सबसे बड़ा निवेश करना।
- नौकरियों के अवसर पैदा करने और जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकी में निवेश करना।
- अब तक 16,000 से अधिक नौकरियों के सृजन तथा प्रतिधारण सहित,10 वर्षों में नौकरियाँ और समृद्धि निधि (Jobs and Prosperity Fund) में $2.7 बिलियन का निवेश करना।
- $30 मिलियन की आरंभिक तीन-वर्षीय वैश्विक होने संबंधी निर्यात कार्यनीति (Going Global Export Strategy) के माध्यम से फर्मों को निर्यात बढ़ाने तथा अधिक उत्पादक बनने में मदद करना।
- $400 मिलियन की पंचवर्षीय व्यापार विकास पहल (Business Growth Initiative) के माध्यम से ओंटारियो के व्यवसायों के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना।

यहाँ और अधिक जानकारी पाएँ
ONTARIO.CA/BUDGET
टोल फ्री: 1-800-337-7222
TTY टोल फ्री: 1-800-263-7776

Disponible en français. | © ओंटारियो के लिए रानी का प्रिंटर, 2016